10. लिखित परीक्षा :

लिखित परीक्षा का प्रश्न पत्र 120 अंकों का होगा, जिसमे वस्तुनिष्ठ (objective type) प्रकार के 120 प्रश्न होंगे तथा समयावधि 02 घन्टे की होगी। प्रत्येक प्रश्न के 01 अंक देय होंगे। गलत उत्तर देने पर प्रश्न के लिए निर्धारित अंक का एक चौथाई अंक काटा जायेगा। यह परीक्षा ऑफलाईन तथा ओ.एम.आर. आधारित (offline and OMR based)होगी। प्रश्न पत्र का पाठ्यकम,प्राप्तांको का विवरण एवम् प्रत्येक भाग के प्रश्नों की संख्या निम्नानुसार होगी :–

| लिखित परीक्षा का सिलेबस | प्रश्न | कुल अंक |
|---|---|---|
| विवेचना एवम तार्किक योग्यता | 30 | 30 |
| सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान एवम् समसामयिक विषयों पर | 30 | 30 |
| राजस्थान के इतिहास, संस्कृति, कला, भूगोल, राजनीति एवं आर्थिक स्थिति इत्यादि | 60 | 60 |
| योग | 120 | 120 |

- इस लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र में उत्तीर्ण होने के लिए सामान्य, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग व ई.डब्लू.एस. वर्ग के अभ्यर्थियों को कुल 40 प्रतिशत प्राप्तांक, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति वर्ग के अभ्यर्थियों को कुल 36 प्रतिशत प्राप्तांक, समग्र रूप से लाना अनिवार्य है।
- ट्राईबल सब–प्लान क्षेत्र के स्थानीय अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम उत्तीर्णांक (Minimum) सीमा लागू नहीं होगी।
- भूतपूर्व सैनिकों को प्रश्न पत्र में उत्तीर्ण होने के लिए अधिकतम अंक 120 का सम्बन्धित वर्ग के निर्धारित उत्तीर्णांक का समग्र रूप से 05 प्रतिशत शिथिलन तथा चयनित भूतपूर्व सैनिकों की विज्ञापित संख्या की अनुपलब्धता के मामले में राज्य सरकार की अधिसूचना कमांकः एफ. 5 (18) डी.ओ.पी./क–2/84/पार्ट–II दिनांकः 22.12.2020 के खण्ड–5 में वर्णित नियम अनुसार 05 प्रतिशत छूट देय होगी।
- लिखित परीक्षा के पश्चात प्रश्न पत्र सम्बन्धी आपत्तियां आमन्त्रित करने हेतु पृथक से सूचित किया जायेगा।
- लिखित परीक्षा में पदवार/वर्गवार/महिला/पुरूष रिक्तियों के 05 गुणा अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण किया जायेगा, जिसकी सूचना एवम् परिणाम वेबसाईट https://home.rajasthan.gov.in/homeguards पर देखी जा सकेगी एवम् गृह रक्षा, मुख्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा की जायेगी। लिखित परीक्षा के प्राप्तांक अन्तिम चयन के लिए सम्मिलित किये जायेंगे।

11. शारीरिक दक्षता परीक्षा (Physical Efficiency Test/PET) :

विभाग की पदवार/वर्गवार/महिला/पुरूष रिक्तियों के 05 गुणा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु बुलाया जायेगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को शारीरिक मापतौल परीक्षा में सम्मिलित किया जायेगा। अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने से पूर्व राजकीय चिकित्सक से शारीरिक दक्षता परीक्षा की दौड़ में भाग लेने हेतु शारीरिक रूप से योग्य होने का प्रमाण पत्र सम्बन्धित केन्द्र, पर आवश्यक रूप से प्रस्तुत करेगा। उसके उपरान्त ही अभ्यर्थी को शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित किया जायेगा।

लिखित परीक्षा के उपरान्त शारीरिक दक्षता परीक्षा में गर्भवती महिलाओं (प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी से जारी प्रमाण पत्र व दस्तावेज के आधार पर)को शामिल करने हेतु राज्य स्तर पर यदि उक्त अभ्यर्थी पी.एस.टी./पी.ई.टी. में उत्तीर्ण हुई होती तो (विशेष अंक योग्यता के अंक सहित)